>

Title: Need to fully finance welfare schemes sponsored by the Central Government for the rural and downtrodden sections of the society.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित अनेक योजनाओं एवं कायक्रमों में जिसमें गांव, गरीब एवं किसानों का तथा सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों का हित संरक्षित एवं संवर्धित होता है। प्रदेशों के आंशिक वित्तीय अनुदान के अभाव में कार्यान्वित नहीं हो रही है। जिसके कारण योजनाओं-कार्यक्रमों का लाभ ऐसी योजनाओं के लिए पहचान किये गये लोगों तक नहीं पहुंचता है।

अतएव आग्रह है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ऐसी सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को शत-प्रतिशत वित्त अनुदान देकर साकार कर सार्थकता प्रदान करें।